बड़वानी पुलिस की तैयारियां तेज

▶ सिंहस्थ महापर्व 2028 को लेकर विशेष प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय सत्र का किया शुभारंभ

बड़वानी, (नवभारत)।

उज्जैन की पावन नगरी में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक सिंहस्थ महापर्व को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बड़वानी पुलिस द्वारा विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 8 जून को 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में हो रहा है। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सिंहस्थ के दौरान भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं से बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए सॉफ्ट स्किल्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने सिंहस्थ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिंहस्थ एक अत्यंत विशाल और ऐतिहासिक सांस्कृतिक पर्व है। जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु व संत-महात्मा शामिल होते हैं। भौगोलिक दृष्टिकोण से महाराष्ट्र और दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़वानी जिला मुख्य प्रवेश मार्ग साबित होगा। इसलिए यहां से गुजरने वाले यात्रियों की सहायता, सुगम यातायात प्रबंधन और आवासीय व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए पुलिस बल को उन्नत स्तर पर तैयार किया जा रहा है।

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसका ट्रेनिंग ऑफ द ट्रेनर्स मॉडल है। इसके तहत जिले के शतप्रतिशत पुलिस बल को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। द्वितीय सत्र में चुने गए अधिकारी और कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जो मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य पुलिसकर्मियों को तैयार करेंगे। इसके लिए विभाग द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण कैलेंडर और दिशा-निर्देश तैयार किए जा चुके हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों ने दिया मार्गदर्शन

शुभारंभ पर एएसपी धीरज बब्बर, डीएसपी अजाक श्रीमती निलेश्वरी डावर, सूबेदार अलका वास्केल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रशिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए सेवाभाव, सजगता और सहनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया।

12 लाख से अधिक की विदेशी शराब बरामद

बड़वानी। जिले में अवैध मदिरा पर रोकथाम के लिए कलेक्टर जयति सिंह और उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग ने कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसके पालन में जिला आबकारी अधिकारी आरसी बारोड़ के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में आबकारी वृत-अंजड़ के उपनिरीक्षक कमलेश बामनिया द्वारा 6 जून को गश्त और रोड चैकिंग के दौरान अज्ञात आरोपी बोलेरो पिकअप वाहन को छोड़कर भाग गया। गाड़ी नंबर एमपी-46-जी-2872 की तलाशी लेने पर भूसे के बोरों से ढंकी 100 पेटी लंदन प्राइस प्रिमियम व्हिस्की मदिरा की बरामद हुई। हर पेटी में 180-180 एमएल के 50-50 पाव बरामद हुई। जब्त मदिरा की मात्रा 900 बल्कलीटर होना पाई। मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 12 लाख 50 हजार रूपए हैं। आबकारी विभाग ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई में आबकारी आरक्षक प्रिया सुल्या का विशेष योगदान रहा।

शिवनी पड़ावा में जयस की कार्यकारिणी गठित

पानसेमल, (नवभारत)।

क्षेत्र के ग्राम शिवनी पडावा में जय आदिवासी युवा शक्ति संस्थापक विक्रम अछालिया की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के महापुरुषों एवं प्रेरणास्त्रोतों के स्मरण से किया। संगठन की विचारधारा, उद्देश्य एवं आदिवासी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा संवैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं जागरूकता को लेकर चर्चा की।

जयस संस्थापक अछालिया ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए

युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज को नई दिशा दी जा सकती है।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने ने भी सम्बोधित किया। जयस जिला प्रभारी निलेश चौहान ने संगठन की गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र खेड़कर, ब्लॉक उपाध्यक्ष गोविंद भंडारी, मयूर परमार ने भी विचार व्यक्त किए। नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गई। ग्राम शिवनी में जयस अध्यक्ष रोहिदास धारवे, उपाध्यक्ष सोनू बरडे मोहन बरडे, कार्यकारी अध्यक्ष लालसिंह गिरासे, मीडिया प्रभारी सुनील गिरासे, सह सचिव शांतिलाल गिरासे, प्रभारी राकेश बरडे, कोषाध्यक्ष केशव धारवे, आईटी सेल प्रभारी पिंटू धारवे, सचिव कामदार गिरासे तथा संयोजक दिनेश बरडे को नियुक्त किया गया है। इस दौरान आसपास के ग्रामों से कार्यकर्ता, युवा साथी, समाजजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जयस संगठन में अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

एक नजर में

मेगा हैल्थ चेकअप शिविर का आयोजन

बड़वानी। आशाग्राम ट्रस्ट में एलएनसीटी एवं सेवाकुंज हॉस्पिटल इंदौर द्वारा आयोजित मेगा हैल्थ चेकअप शिविर में 148 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करा कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श लिया। 35 मरीजों को इंदौर में उपचार के दौरान नि:शुल्क एमआरआई, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी तथा आवश्यक सर्जरी के लिए एलएनसीटी एवं सेवाकुंज हॉस्पिटल द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इंदौर आने-जाने के लिए परिवहन चिकित्सालय में भर्ती के दौरान भोजन की सुविधा भी नि:शुल्क दी जाएगी। कलेक्टर एवं ट्रस्ट अध्यक्ष जयति सिंह के मार्गदर्शन में लगे शिविर में दूर-दराज के लोगों ने लाभ उठाकर आवश्यक सर्जरी के लिए मिल रही नि:शुल्क सुविधा के प्रति आभार व्यक्त किया।

विशेष नाला सफाई अभियान

बड़वानी, (नवभारत)।

शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाने नगर पालिका द्वारा लगातार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड क्रं. 18 में सफाई मित्रों ने उक्त अभियान प्रारंभ किया। इस दौरान नालों में जमा गाद, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को निकालकर नालों की सफाई की। जिससे वर्षाकाल में जल निकासी सुचारू रूप से हो सके और जलभराव की समस्या का नागरिकों का सामना नहीं करना पड़े।नपा सीएमओ ने अभियान का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया।

सीएमओ ने कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी वार्डों में नालों एवं नालियों की नियमित सफाई कराई जा रही है।

अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बड़वानी। खनिज विभाग द्वारा 8 जून 2026 को जिले के पाटी क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन/परिवहन की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान पांच ट्रैक्टर ट्रॉली खनिज रेत का अवैध उत्खनन/परिवहन करते पाए गए। जिस पर वाहनों को जब्त कर पाटी थाने की सुरक्षा में खड़े कि गए हैं। उक्त प्रकरणों में मध्य प्रदेश खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध खनिज उत्खनन/परिवहन करने वाले के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी।

एलपीजी की कीमत बढ़ाने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

▶ मूल्य वृद्धि पर सिलेंडर उठाकर लगाए नारे

बड़वानी, (नवभारत)।

शहर में जिला महिला कांग्रेस ने सोमवार दोपहर रसोई गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहर के पुराना कलेक्टर कार्यालय पर शाम 4.20 बजे हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से रसोई गैस सिलेंडरों में की गई 29 रूपए की वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की। महिला कांग्रेस नेता रेखा बनडे ने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह वृद्धि महिलाओं के लिए सरकार का तोहफा है, जो महिलाओं के प्रति सरकार के सम्मान को दर्शाती है। बनडे ने यह भी आरोप लगाया कि मौजूदा शासन में घरेलू वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों ने उन्हें घरों तक सीमित कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खाली सिलेंडर रखकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें महिला कांग्रेस जिला प्रभारी प्रीति माहेश्वरी भी शामिल थी। माहेश्वरी ने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में भाजपा ने महंगाई को लेकर खूब विरोध प्रदर्शन किए थे। जिसमें उनकी महिला नेता और सांसद सब्जियों की माला पहनकर और खाली गैस सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करती थी। अब वे सभी मुंह छुपाए बैठी हैं। महिला कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

फोटो

एक नजर में

राजस्थान देवभूमि नि :शुल्क तीर्थयात्रा पर 170 श्रद्धालु रवाना

महू . श्री हनुमंत कृपा नि :शुल्क तीर्थ यात्रा के चौथे वर्ष 6 जून रात 10 बजे नारनौली धर्मशाला महू से 3 एसी स्लीपर बसों में 170 श्रद्धालु राजस्थान देवभूमि के लिए रवाना हुए . यात्रा में पशुपतिनाथ मंदिर मन्दसौर, भादवा माता, सांवरिया सेठ, नाथद्वारा, चारभुजा, खाटूश्यामजी, जीण माता, सालासर बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, पुष्कर जी, कैला देवी, बगलामुखी माता नलखेड़ा, उज्जैन महाकाल और ओंकारेश्वर के दर्शन शामिल हैं .लगभग 5 दिन की इस यात्रा में चाय, नाश्ता, भोजन की व्यवस्था भी साथ चलती है . पिछले 3 साल से महू, इंदौर, भोपाल, बड़वानी, धार से श्रद्धालु बिना किसी प्रचार के इस यात्रा में शामिल होते आए हैं . व्यवस्था श्रीराम दुबे, प्रकाश खंडेलवाल, चन्द्रशेखर अग्रवाल, शिवम सैनी, राहुल, जगदीश डोडिया और लक्की चन्दा पाठक देख रहे हैं .

मेगा स्वास्थ्य शिविर में 4972 लोगों का नि :शुल्क उपचार

महू, डॉ . बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी, भीम जन्मभूमि स्मारक महू, एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज अस्पताल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर सेवा, संवेदना और जनकल्याण का अद्वितीय उदाहरण बन गया . शिविर में महू नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए 4972 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि 261 से अधिक गंभीर रोगियों को विशेष उपचार एवं ऑपरेशन के लिए सेवाकुंज अस्पताल, इंदौर भेजा गया . रोगियों के लिए नि :शुल्क वाहन सुविधा, भोजन, नाश्ता एवं ठहरने की व्यवस्था की गई . ऑपरेशन एवं उपचार पूर्ण होने के बाद मरीजों को पुन : महू तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई है . शिविर में हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, अस्थि रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक कान-गला रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, दंत रोग तथा मेडिसिन विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया . साथ ही मोतियाबिंद, पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील, बच्चेदानी एवं फिस्टुला सहित विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन के लिए रोगियों का चयन कर उन्हें नि :शुल्क परामर्श, दवाइयां, जांच, ऑपरेशन, एमआरआई एवं सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई .

थानों में जमे पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की तैयारी, शिकायतों के बाद सूची तैयार

▶ पहली सूची में जोन एक से 21 का तबादला
▶ अब सभी जोन में 20-25 कर्मियों को इधर-उधर करने की तैयारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. लंबे समय से थानों में जमे पुलिसकर्मियों के तबादले की तैयारी शुरू हो गई है. शिकायतों के बाद जोन-1 में 21 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है, जबकि अन्य जोनों में भी इसी तरह की कार्रवाई की तैयारी चल रही है.

जोन-1 के थानों में वर्षों से पदस्थ खुफिया और अन्य पुलिसकर्मियों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं. इसके बाद पुलिस उपायुक्त स्तर पर ऐसे कर्मियों की सूची तैयार कर कार्रवाई की गई और 21 पुलिसकर्मियों को अन्य थानों में भेजा. सूत्रों के मुताबिक अब शहर के अन्य जोनों में भी इसी तरह सूची तैयार की जा रही है. हर जोन से करीब 20 से 25 पुलिसकर्मियों को इधर-उधर किए जाने की योजना है, ताकि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मियों को हटाया जा सके. इससे पहले क्राइम ब्रांच में भी सफाई अभियान चलाकर दागी पुलिसकर्मियों को हटाया था, लेकिन इसके बावजूद कुछ कर्मचारी जुगाड़ के जरिए वहीं बने हुए हैं. अब ऐसे पुलिसकर्मियों पर भी अधिकारियों की नजर है और उन्हें हटाने की तैयारी की जा रही है.

इंदौर शहर के 17 इलाके बने डॉग बाइट हॉट स्पॉट

▶ आवारा कुत्तों ने एक महीने में 4500 से ज्यादा लोगों को काटा
▶ 2818 पुरुष, 901 महिलाएं और 806 बच्चों को किया घायल

नव भारत न्यूज

इंदौर. गर्मी बढ़ने के साथ ही आवारा कुत्तों के हमले भी तेजी से बढ़े हैं. शहर के 17 इलाके डॉग बाइट के हॉटस्पॉट के रूप में सामने आए हैं. अकेले मई माह में शहर के 4525 लोग डॉग बाइट का शिकार बने, जिनमें 2818 पुरुष, 901 महिलाएं और 806 बच्चे शामिल हैं.

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मई माह में डॉग बाइट के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. अप्रैल में जहां 4379 लोग शिकार बने थे, वहीं मई में यह संख्या बढ़कर 4525 हो गई, यानी 146 मामलों की वृद्धि हुई. शहर में मूसाखेड़ी, विजयनगर, खजराना, सुदामा नगर, द्वारकापुरी, कृष्णबाग कॉलोनी, नंदबाग कॉलोनी, मालवा मिल, परदेशीपुरा, सुखलिया, गौरीनगर, देवास नाका, बाणगंगा चौराहा, मालवीय नगर, गणेश नगर पालदा और बंगाली चौराहा सहित 17 इलाके डॉग बाइट के हॉटस्पॉट बन गए हैं, जहां सबसे ज्यादा हमले हो रहे हैं.

गर्मी में भोजन और पानी की कमी के कारण कुत्ते हो जाते हैं ज्यादा आक्रामक

डॉक्टरों के अनुसार गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ आवारा कुत्ते ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं . भोजन और पानी की कमी के कारण उनका व्यवहार चिड़चिड़ा हो जाता है, जिससे हमलों की घटनाएं बढ़ती हैं . हुकुमचंद क्लिनिक लाल अस्पताल के प्रभारी डॉ . रूपेंद्र पटेल ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इस दौरान कुतों के हमले की संभावना अधिक रहती है .

एक्सीडेंट होने का झांसा देकर कार से बैग उड़ाया

नव भारत न्यूज

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दुर्घटना का बहाना बनाकर कार को रुकवाया और उसमें रखा बैग चोरी कर लिया. घटना तीन इमली चौराहे के पास हुई, जहां गिरने का नाटक कर बदमाशों ने कार रुकवाकर वारदात को अंजाम दिया.

शिवमोती नगर निवासी मनोज कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि वे तीन इमली चौराहे से अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे. इसी दौरान एक व्यक्ति उनकी कार के सामने आकर गिर गया. व्यक्ति को देखकर मनोज ने कार रोक दी और बात करने के लिए जैसे ही कांच नीचे किया, तभी उसके दो अन्य साथियों ने कार की सीट पर रखा काले रंग का बैग उठाया और मौके से फरार हो गए.

सांवेर रोड पर पशु आहार फैक्ट्री में आग, लाखों का नुकसान

▶ दमकल टीम ने 5 हजार लीटर पानी से आग पर पाया काबू

इंदौर. सांवेर रोड स्थित एक पशु आहार फैक्ट्री में सुबह आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया. वहीं आग की दूसरी घटना कुमेड़ी काकड़ क्षेत्र में भी हुई, जिसमें एक घर में आग लगने से गृहस्थी का पूरा सामान जल गया.

पहली घटना सांवेर रोड सेक्टर-ए स्थित पशु आहार फैक्ट्री की है, जहां सुबह करीब 5 बजे अचानक आग लग गई. पास की एक केमिकल फैक्ट्री के चौकीदार ने धुआं उठता देखा और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब 5 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया. आग तेजी से फैक्ट्री के बड़े हिस्से में फैल गई थी, जिससे मशीनरी और तैयार पशु आहार जलकर नष्ट हो गया. समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था. फैक्ट्री बंद होने के कारण आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है.

कुमेड़ी काकड़ में घर में लगी आग से गृहस्थी का सामान जला

इसी तरह कुमेड़ी काकड़ क्षेत्र में कृपाराम पिता कैलाश के घर में देर रात आग लग गई . घटना के समय घर मालिक मौजूद नहीं था . पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना देकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक घर का काफी सामान जल चुका था . दोनों ही मामलों में आग के कारणों की जांच की जा रही है .

होटल-ढाबों की चैकिंग : नियम तोड़ने पर 17 केस दर्ज

इंदौर. पुलिस ने होटल, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सत्यापन अभियान में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 17 प्रकरण दर्ज किए, इनमें 15 केस बीएनएस के तहत और 2 केस आबकारी अधिनियम में दर्ज कर शराब जब्त की गई. पुलिस उपायुक्त जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जोन-1 क्षेत्र में होटल, लॉज, ढाबों, किरायेदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का विशेष सत्यापन अभियान चलाया. अभियान के दौरान थाना एरोड्रम, राजेंद्र नगर और राऊ पुलिस ने जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 15 प्रकरण तहत दर्ज किए है. एरोड्रम क्षेत्र में होटल श्रीवन्या, होटल एयरपोर्ट व्यू, होटल मन, होटल विनायकश्री और सुविधी नगर स्थित एक बैग निर्माण इकाई के संचालकों द्वारा कर्मचारियों, किरायेदारों और आगंतुकों की जानकारी पुलिस को उपलब्ध नहीं कराने पर 5 केस दर्ज किए है.

शराब ठेकेदार सुसाइड केस : सीबीआई जांच पर आज हाईकोर्ट करेगा फैसला

नव भारत न्यूज

इंदौर. शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना आत्महत्या मामले में जांच सीबीआई को सौंपी जाए या नहीं, इस पर आज हाईकोर्ट की वेकेशन डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी. निलंबित आबकारी अधिकारी की अपील पर कोर्ट ने पुलिस से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है.

मामला दिनेश मकवाना की आत्महत्या से जुड़ा है, जिसके बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. वीडियो में मकवाना ने तत्कालीन आबकारी उपायुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए थे. मामले के तूल पकड़ने के बाद 24 नवंबर 2025 को मंदाकिनी दीक्षित को निलंबित कर दिया था. इसके बाद मृतक के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की. इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 18 अप्रैल को आदेश पारित कर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए थे. सिंगल बेंच के इस आदेश को चुनौती देते हुए मंदाकिनी दीक्षित ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की है. पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस से पूरे मामले में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. अब इस मामले में आज वेकेशन डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी, जिसमें यह तय होना है कि जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी या नहीं.

एक नजर में

बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं रहवासी, नगर निगम की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

भीषण जल संकट : बुरी तरह प्रभावित हो रही लोगों की दैनिक दिनचर्या

इंदौर . शहर में लगातार बढ़ते जल संकट के बीच नगर निगम की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं . बंगाली कॉलोनी क्षेत्र से जल संकट की भयावह तस्वीर सामने आई है, जहां रहवासी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं . स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है .

वार्ड क्रमांक 41 स्थित देवपुरी कॉलोनी पालीवाल धर्मशाला क्षेत्र में दो दिन के अंतराल से निगम का छोटा टैंकर पहुंचता है और प्रत्येक परिवार को केवल एक कोठी पानी उपलब्ध कराया जाता है,

इतनी कम मात्रा में पानी से परिवारों की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं, जिसके चलते लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है . महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है . क्षेत्र में हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी की समस्या रहती है, लेकिन इस बार हालात विकराल रूप धारण कर चुके हैं . कॉलोनी में नर्मदा पाइपलाइन बिछी होने के बावजूद मात्र 10 मिनट जलापूर्ति की जाती है, वह भी इतने कम दबाव से कि एक-दो बाल्टी पानी ही भर पाता है .

यह बोले रहवासी . . .

पानी का टैंकर छोटा होता है, वह भी एक बार और हर घर को एक कोठी पानी देता है, दो दिन तक कैसे चलेगी . हर दिन पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है .
– देवीलाल राठौर

टैंकर नाम मात्र है, दूसरे क्षेत्र से चार-छह कुप्पी पानी लाना पड़ता है .कम से कम हर दिन दो कोठी पानी देना चाहिए . नर्मदा लाइन से आधा घंटा पानी सप्लाई करना चाहिए .
– विजय राठौड़

हमें ना पीने का और न वापरने का पानी मिल रहा है . नर्मदा लाइन से पानी जितनी देर आता है, उतने में मात्र चार बाल्टी की बमुश्किल भरा रही हैं . हमारे क्षेत्र में टैंकर ही नहीं आ रहे हैं .
– गणपति बाई निमोरे

सामने वाली पट्टी में सरकारी पानी का टैंकर आता है, हमारे इधर अंदर की साइड नहीं आता . हमें 1200 से 1500 रुपए देकर निजी टैंकर बुलवाना पड़ता है . समस्या सुनने के लिए पार्षद भी नहीं आता .
– शारदा बाई